# एयर एम्बुलेंस : गंभीर मरीजों के लिए नई उम्मीद

## दूरी, संसाधनों और आर्थिक अभाव को दूर कर सुनिश्चित कर रही है जीवनरक्षक उपचार

### 140 मरीज अब तक हो चुके हैं लाभान्वित

**भोपाल, 17 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है.**




आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर उपचार की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा कई नवाचार किए जा रहे हैं. इसी क्रम में मई 2024 से प्रदेश में 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' प्रारंभ की गई, जो आज गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटना प्रभावित एवं आपदा पीड़ित मरीजों के लिए जीवनरक्षक पहल के रूप में स्थापित हो रही है.

सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह महत्वाकांक्षी सेवा उन परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, जब मरीज को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाना आवश्यक होता है. सेवा के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस तथा एक फिक्स्ड-विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस को प्रशिक्षित चिकित्सकीय और पैरामेडिकल टीम के साथ संचालित किया जा रहा है. यह व्यवस्था राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों और आपातकालीन चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुरूप कार्य कर रही है. एयर एम्बुलेंस के माध्यम से कम समय में उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. इससे मरीजों की जान बचाने की संभावनाएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं. प्रदेश सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आर्थिक अभाव किसी भी मरीज के उपचार में बाधा नही बने.

> **संवेदनशील और सशक्त स्वास्थ्य व्यवस्था**
>
> पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा न केवल आपातकालीन चिकित्सा परिवहन को नई दिशा दे रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि दूरी, संसाधनों की कमी या आर्थिक स्थिति किसी नागरिक के जीवनरक्षक उपचार में बाधा न बने. सिंगरौली निवासी 32 वर्षीय श्रीमती संध्या दुबे के मामले में भी पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई. गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं एवं सेप्टीसीमिया की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला प्रशासन ने त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल भेजा. ये उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है.

# खतरनाक आग पर अब होगा रोबोट का वार

### 500 डिग्री सेल्सियस में भी नहीं होगा बेअसर

**इंदौर, 17 मई. आग बुझाने की तकनीक अब हाईटेक हो गई है. दमकल अमले को राहत देने के लिए 2 करोड़ का अत्याधुनिक फायर फाइटिंग रोबोट तैनात किया है, जो आग और खतरनाक हालात में बिना रुके काम कर रहा है.**

रिमोट से संचालित यह मशीन अब कई घटनाओं में इस्तेमाल होकर अपनी उपयोगिता साबित कर चुकी है. यह रोबोट उन जगहों पर भी आसानी से पहुंच जाता है, जहां तेज गर्मी और धुएं के कारण दमकलकर्मियों का टिक पाना मुश्किल हो जाता है. कैमरों और सेंसर से लैस यह मशीन कंट्रोल रूम से ही ऑपरेट होती है, जिससे मौके की लाइव स्थिति साफ दिखाई देती है.

करीब 1.5 किलोमीटर दूर से इसे ऑपरेट किया जा सकता है, जबकि 500 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी यह काम करता है. वहीं एक बार चार्ज होने पर यह 8 से 10 घंटे तक सक्रिय रह सकता है. यह मशीन 500 किलो तक का वजन हटाने या उठाने में भी सक्षम है.

## एक नजर में

### 1 जून से खुले में नहीं बिकेगा चिकन

**सीधी.** शहर में खुले में चिकन बिक्री को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर 1 जून से मीट मार्केट में ही कारोबार करने का अल्टीमेटम कलेक्टर ने दिया है. कलेक्टर ने खुले में चिकन बिक्री की स्थिति का अवलोकन किया और खुले में चिकन बिक्री पर प्रशासन का सख्त रुख सामने आया. शहर में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है. कलेक्टर विकास मिश्रा ने शहर क्षेत्र का आज सुबह निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नगरीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया.

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**चितरंगी.** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम महुगढ़ी निवासी एक 36 वर्ष का युवक आज दोपहर अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. ग्राम महुगढ़ी निवासी संदीप कहार पिता प्रेमलाल कहार उम्र 36 वर्ष आज दोपहर करीब 2 बजे शराब पिया था, उसी दौरान उसे उल्टी होने लगी. संदीप की पत्नी पन्नू देवी ने उल्टी होने का कारण पूछा तो संदीप ने जहर सेवन करने का बात बताया. तत्काल चितरंगी अस्पताल ले जाया गया, जहां अपहन्य 3:30 बजे मौत हो गई. जहर सेवन करने का कारण अज्ञात है, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है.



# 15 शहरों में पारा 43 पार

**एमपी में भीषण गर्मी और लू का कहर**

**भोपाल में तापमान 42.4 डिग्री**

**भोपाल, 17 मई. मध्यप्रदेश में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है. कुछ दिन पहले तक जहां आंधी-बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को राहत मिल रही थी, वहीं अब प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में आ गया है.**

रविवार को प्रदेश के 15 शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया. जिसमें प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 43 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है. इन गर्म शहरों में खंडवा सबसे गर्म रहा है, जहाँ अधिकतम तापमान लगभग 45.1 डिग्री तक पहुंच गया है. मौसम विभाग ने कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है.

राजधानी भोपाल में रविवार को तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय न्यू मार्केट, बिट्टन मार्केट और पुराने शहर के बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी. लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले. सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा नजर आया और लोग छांव व ठंडे स्थानों की तलाश करते दिखे.

मौसम विभाग के मुताबिक खंडवा, खरगोन और रतलाम में तीव्र लू का सबसे ज्यादा असर रहेगा. इसके अलावा इंदौर, उज्जैन, धार, झाबुआ, बड़वानी, अलीराजपुर और बुरहानपुर समेत कई जिलों में गर्म हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ाएंगी.

> वहीं भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल और छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में भी हीट वेव का असर बना रहेगा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मई के पहले पखवाड़े में प्रदेश में लगातार बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर चला था. 30 अप्रैल से 15 मई तक कई मौसम प्रणालियां सक्रिय रहीं, जिससे तापमान नियंत्रित रहा. लेकिन अब वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सिस्टम कमजोर पड़ने के बाद गर्मी ने अचानक रौद्र रूप धारण कर लिया है. विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है.


### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**धार.** जिले में ढाई वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष अपर सत्र न्यायालय सरदारपुर ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. अभियोजन अधिकारी पीएल मेड़ा के अनुसार न्यायालय ने आरोपी राजेश वसुनिया (30) निवासी ग्राम बोरदी को मामले में दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई. घटना 15 अप्रैल 2024 की बताई गई है. प्रकरण के अनुसार पीड़िता की मां ने राजगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी ढाई वर्षीय पुत्री अचानक लापता हो गई है. परिजनों ने पुलिस को बताया था कि आरोपी बच्ची को 'कुरकुरे' दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया था. पुलिस ने क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया.

# एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की मांग

## जीतू पटवारी ने केंद्र पर साधा निशाना

**भोपाल, 17 मई. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि प्रदेश के किसान आज भी अपनी फसलें घोषित समर्थन मूल्य से कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं.**



केंद्र सरकार को लिखे खुले पत्र में पटवारी ने खरीफ फसलों के लिए घोषित नई एमएसपी सूची पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़े हुए समर्थन मूल्य केवल 'कागजों तक सीमित' हैं, जबकि मंडियों और खरीदी केंद्रों पर किसानों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा. उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारी खुलेआम एमएसपी से कम कीमत पर फसल खरीद रहे हैं और प्रशासन किसानों के शोषण पर 'मूकदर्शक' बना हुआ है. पटवारी ने सरकार को चुनौती देते हुए पूछा कि वह मध्य प्रदेश की किसी एक ऐसी फसल का नाम बताए जिसकी खरीदी वास्तव में घोषित एमएसपी पर हो रही हो.

कांग्रेस नेता ने मंडियों और खरीदी केंद्रों का संयुक्त सर्वे कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो वह स्वयं गांवों और मंडियों का दौरा कर किसानों की स्थिति का आकलन करेंगे.

**पटवारी का सुझाव**

पटवारी ने सुझाव दिया कि मध्य प्रदेश में एमएसपी को कानूनी अधिकार बनाया जाए, एमएसपी से कम कीमत पर खरीदी को दंडनीय अपराध घोषित किया जाए, मंडियों में कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए तथा रियल टाइम मूल्य निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए.

केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह राज्य होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि एमएसपी को कानूनी संरक्षण दिया जाए तो मध्य प्रदेश देश के लिए 'नए कृषि मॉडल' के रूप में उभर सकता है.

# हर दिन के साथ खराब होती जा रही है राजनीति की भाषा

**इंदौर, 17 मई. प्रसिद्ध चिंतक, विचारक और सांसद मनोज कुमार झा ने कहा है कि हमारे देश में राजनीति की भाषा ऐसी हो गई है कि आज यदि महात्मा गांधी होते और वह चुनाव लड़ लेते तो वह भी हार जाते. राजनेता केवल इवीएम की भाषा समझते हैं और भाषा इवीएम को नहीं समझती है.**



राजनीति की भाषा तो हर दिन के साथ खराब होती जा रही है लेकिन भाषा को लेकर चल रही राजनीति भी मन को दुखा रही है. वे आज शाम यहां जाल सभागृह में अभ्यास मंडल के द्वारा आयोजित 66 वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला में राजनीति की भाषा और भाषा की राजनीति विषय पर संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की जनता को नेता के रूप में आक्रामक नेता चाहिए होता है. हम यह नहीं सोचते हैं कि हम अपना नुमाइंदा चुन रहे हैं, कोई पहलवान नहीं चुन रहे हैं. अब तो हालत यह हो गई है कि यदि 1920 के दौर वाले गांधी जी भी आ जाए तो आज के हालात को देखकर वे चुनाव नहीं लड़ेंगे और यदि लड़ेंगे तो उनकी जमानत जप्त हो जाएगी.

# 15 करोड़ से बनेगा हेल्थ डेस्टिनेशन

### 50 बिस्तरों वाले आयुष वेलनेस सेंटर को मंजूरी

## खजुराहो में होगा आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर

**खजुराहो, 17 मई. केंद्र सरकार ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो को स्वास्थ्य, पर्यटन और कौशल विकास के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी है.**

यहां 50 बिस्तरों वाले आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े एक बड़े शिक्षण संस्थान को मंजूरी मिल गई है. इसकी जानकारी सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को प्रेस वार्ता में दी. सांसद शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत करीब 15 करोड़ रुपये की



लागत से यह आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर स्थापित किया जाएगा. यह केंद्र स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र बनेगा. उन्होंने बताया कि सेंटर में पंचकर्म चिकित्सा, नेचुरोपैथी, योग और ध्यान जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

> सांसद शर्मा ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खजुराहो में 25वें काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव शामिल होंगे. इसके अलावा 26 और 27 मई को आयुष मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक भी खजुराहो में आयोजित होगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का बुंदेलखंड और खजुराहो से विशेष लगाव है. अब खजुराहो केवल मंदिरों और पर्यटन के लिए ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में भी नई पहचान बनाएगा.

# 22.50 लाख का मादक पदार्थ जब्त

## अभियान तेज करते हुए पिछले दो दिनों में 5 जिलों में बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रदेशभर में अभियान तेज करते हुए पिछले दो दिनों में पांच जिलों में बड़ी कार्रवाई की है.**

मंदसौर, उमरिया, कटनी, मैहर और सागर जिलों में संयुक्त कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में गांजा और डोडाचूरा जब्त किया गया. तस्करी में इस्तेमाल किए गए वाहनों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है. उमरिया जिले की अमरपुर चौकी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाशी के दौरान 62 किलो से अधिक गांजा बरामद किया.



**दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है. जब्त मादक पदार्थ और वाहन की कुल कीमत करीब 22.50 लाख रुपये बताई गई है. सबसे बड़ी कार्रवाई मंदसौर जिले में हुई, जहां गरोठ पुलिस ने पिकअप वाहन में सब्जियों के नीचे छिपाकर रखे 324 किलो डोडाचूरा को जब्त किया. मामले में वाहन और मोबाइल फोन समेत करीब 16.69 लाख की संपत्ति जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. कटनी पुलिस ने साड़ियों की पैकिंग में छिपाया गया 15 किलो से अधिक गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया.

### लावारिस हालत में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौराहा स्थित कन्हैया पेट्रोल पंप के सामने रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला. सूचना पर सिटी कोतवाली से आरक्षक प्रदीप कुमार, मनोज पांडे और आरक्षक राजेश ठाकुर मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को उठवाकर जिला अस्पताल के शव गृह में सुरक्षित रखवाया है. प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था. अज्ञात कारणों से उसकी मौत हुई है. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है. मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं. पुलिस मौत के सही कारणों की जांच कर रही है.

# जेम की छात्राओं के लिए अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 17 मई। एनटीपीसी विंध्याचल में जेम कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अग्नि दुर्घटनाओं के सामान्य कारणों, बचाव उपायों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर सीआईएसएफ के फायर इंस्पेक्टर वीएस यादव द्वारा अग्निशामक यंत्रों के व्यावहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया गया तथा अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों, आपातकालीन निकासी एवं आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सीएसआर टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।

### टिकट चेकिंग : अप्रैल में वसूले 12.35 करोड़

**भोपाल, 17 मई.** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) द्वारा बिना टिकट यात्रा और अनियमित टिकटों के खिलाफ चलाए गए विशेष टिकट जांच अभियानों से अप्रैल 2026 में रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है. प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर लगातार जांच अभियान चलाए गए. इन अभियानों के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे ने अप्रैल माह में कुल 1 लाख 75 हजार मामले पकड़े. इनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले तथा अनबुक्ड लगेज से जुड़े यात्री शामिल रहे. इन मामलों से अतिरिक्त किराया और जुर्माने के रूप में रेलवे को कुल 12 करोड़ 35 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ.

## पेज एक का शेष

# राजधानी एक्सप्रेस में आग से 2 कोच जलकर खाक

गार्ड ने तत्काल लोको पायलट को सूचना दी थी, जिसके बाद ट्रेन को इमरजेंसी में रोका गया था. मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया था. घने काले धुएं के बीच यात्रियों ने किसी तरह कोच से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई थी. कई यात्रियों ने घबराहट में कोच से कूदकर खुद को सुरक्षित किया था. आग इतनी भयावह थी कि 2 कोच पूरी तरह जलकर खाक हो गए. **वैन खाई में पलटी:** रेलवे के सी एंड डब्लू (कैरेज एंड वैगन) विभाग की यातायात वैन दुर्घटनास्थल की ओर जाते समय हादसे का शिकार हो गई. बताया जा रहा है कि शामगढ़ और सुवासरा के मध्य तेज रफ्तार वैन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. वैन में सवार सी एंड डब्लू विभाग के 5 से अधिक कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई हैं. स्थानीय लोगों और राहत टीम की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया. गंभीर रूप से घायल कर्मचारियों को एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर किया गया है.

## 25 मई को 131 हस्तियां होंगी सम्मानित

इसके अलावा समाज सेवा, चिकित्सा, कला और साहित्य जैसे क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले कई अनसंग हीरोज को भी सम्मान सूची में शामिल किया गया है. दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन को मरणोपरांत सम्मान देने का फैसला लिया गया है. वहीं गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी और खेल जगत के दिग्गज विजय अमृतराज को भी इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा जाएगा.


# कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म०प्र०)

N.I.T क्र. 01(E.T.)/PMAY/न.पा.नि./2026-27 — सतना, दिनांक 11.05.2026

## -: निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय काल) :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सतना के क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना उतैली की निर्माणाधीन LIG आवासों को विक्रय हेतु लम्प-सम्प दर पर आनलाईन निविदायें बुलायी जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. व दि. | टेण्डर क्रमांक | नाम / स्थान | मकान क्रमांक | निर्मित एरिया (प्रति फ्लेट) वर्गफिट | निर्धारित प्रीमियम | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01/01 11.05.2026 | 2026_UAD _506661_1 | प्रधानमंत्री आवास योजना उतैली | L-3 (12-Flat) | 734.31 | 1,97,27,268/- | 29,59,100/- | 12,500/- |
| 02 | 01/02 11.05.2026 | 2026_UAD _506662_1 | | L-7 (12-Flat) | 734.31 | 1,90,92,120/- | 28,63,900/- | 12,500/- |
| 03 | 01/03 11.05.2026 | 2026_UAD _506664_1 | | L-8 (12-Flat) | 734.31 | 1,97,27,268/- | 29,59,100/- | 12,500/- |
| 04 | 01/04 11.05.2026 | 2026_UAD _506665_1 | | L-17 (12-Flat) | 734.31 | 1,90,92,120/- | 28,63,900/- | 12,500/- |
| 05 | 01/05 11.05.2026 | 2026_UAD _506667_1 | | L-18 (12-Flat) | 734.31 | 1,90,92,120/- | 28,63,900/- | 12,500/- |
| 06 | 01/06 11.05.2026 | 2026_UAD _506668_1 | | L-9 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 07 | 01/07 11.05.2026 | 2026_UAD _506669_1 | | L-10 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 08 | 01/08 11.05.2026 | 2026_UAD _506671_1 | | L-11 (12- Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 09 | 01/09 11.05.2026 | 2026_UAD _506672_1 | | L-12 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 10 | 01/10 11.05.2026 | 2026_UAD _506673_1 | | L-13 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 11 | 01/11 11.05.2026 | 2026_UAD _506674_1 | | L-14 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 12 | 01/12 11.05.2026 | 2026_UAD _506676_1 | | L-15 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |
| 13 | 01/13 11.05.2026 | 2026_UAD _506677_1 | | L-16 (12-Flat) | 734.31 | 1,44,64,920/- | 21,69,800/- | 12,500/- |

शर्तें:-

1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 12.05.2026 समय 17.30 से दिनांक 12.06.2026 समय 17.30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।, 2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)